RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 23 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 250 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

मनपा का उद्घाटनों पर बढ़ा खर्च




Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# ...तो क्या 'धनुष बाण' भी करेंगे शिंदे वापस

## गृह मंत्रालय न मिलने से महायुति में बढ़ी दरार...!

**मुंबईः** नागपुर में शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन महाराष्ट्र में विभागों का बंटवारों का सस्पेंस खत्म हो गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली महाराष्ट्र की महायुति सरकार में बहुप्रतीक्षित विभागों का बंटवारा आखिरकार घोषित कर ही दिया। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद लगभग एक सप्ताह तक चली रस्साकशी के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार की देर रात के समय विभागों के बंटवारे की घोषणा की।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री अजित पवार वित्त मंत्रालय की कमान पाने में सफल रहे लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना शिंदे गुट के पक्ष प्रमुख एकनाथ शिंदे को गृह विभाग नहीं मिला।

### शहरी विकास विभाग से करना पड़ा संतोष

मुख्यमंत्री पद नहीं मिलने के बाद एकनाथ शिंदे को कम-से-कम ये आशा थी कि उन्हें गृह विभाग दिया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और



गृह विभाग मुख्यमंत्री फडणवीस ने अपने पास ही रखा और एकनाथ शिंदे को शहरी विकास विभाग से संतोष करना पड़ा। पहले ही ये खबरें आ चुकी है कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री पद न मिलने से नाराज चल रहे है। हालांकि, वे इस मामले में कुछ नहीं कर सकते थे क्योंकि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन में से बीजेपी की महाजीत के बाद केवल देवेंद्र फडणवीस ही मुख्यमंत्री बनने के प्रबल दावेदार थे। लेकिन अब गृह मंत्री का पद भी उनसे छीन गया है, जिसके बाद अब वे शिवसेना यूबीटी की ओर वापसी का रूख ले सकते है।

### उद्धव ठाकरे से जुड़ने की कोशिश

इसकी शुरूआत भी होते दिखाई दे रही है, जब से एकनाथ शिंदे ने पार्टी फंड उद्धव ठाकरे को वापस देने का फैसला किया है। इस फैसले को एक तरह से उद्धव ठाकरे की ओर वापसी के कदम के रूप में देखा जा सकता है। अब ये भी कयास लगाए जा रहे है कि फंड के बाद वे चुनाव चिह्न धनुष बाण भी उद्धव ठाकरे को वापस दे सकते है। चुनाव चिह्न अगर उन्होंने वापस कर दिया तो महायुति की शिवसेना का वजूद नहीं रह जाएगा और एकनाथ शिंदे का वापस उद्धव ठाकरे से जुड़ने का रास्ता साफ हो जाएगा। इससे पहले एकनाथ शिंदे 2022 से पहले तक का पार्टी फंड उद्धव ठाकरे की शिवसेना को देने का फैसला कर चुके है।

### शपथ ग्रहण समारोह

लगभग सप्ताह भर पहले देवेंद्र फडणवीस सरकार के मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह नागपुर में हुआ था। इसमें 33 कैबिनेट और 6 राज्य मंत्रियों को राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने मंत्री पद की शपथ दिलाई थी। नागपुर में 6 दिवसीय शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन शनिवार को सभी 33 कैबिनेट और 6 राज्य मंत्रियों के विभागों का आवंटन भी कर दिया गया।

# महाराष्ट्र के सांगली से दिल दहलाने वाली खबर...

## नया मोबाइल फोन नहीं मिलने पर किशोर ने किया सुसाइड



**मुंबईः** महाराष्ट्र से मिली एक बड़ी खबर का अनुसार यहां के सांगली जिले में 15 वर्षीय एक लड़के ने कथित तौर पर इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि उसकी मां ने उसे उसके जन्मदिन पर मोबाइल फोन दिलाने से मना कर दिया था। इस बाबत आज पुलिस ने बताया कि, यह घटना बीते शनिवार रात मिराज शहर में हुई। बताया गया कि, किशोर ने अपने घर में फांसी लगाकर कथित तौर पर तब आत्महत्या कर ली, जब उसकी मां और बहन सो रही थीं।

पुलिस ने बताया कि किशोर ने दो दिन पहले अपना जन्मदिन मनाया था और अपनी मां से मोबाइल फोन मांगा था। हालांकि मां ने कुछ वित्तीय समस्याओं के कारण फोन दिलाने से मना कर दिया था। अगले दिन लड़के के परिवार ने उसे फंदे से लटका हुआ पाया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कर ली गई है और इस संबंध में विस्तृत जांच जारी है। जानकारी दें कि,महाराष्ट्र के ही ठाणे जिले में पुलिस ने एक दंपति के खिलाफ एक लड़की से छेड़छाड़ करने और उसके माता-पिता और दादी की पिटाई करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आज रविवार को बताया कि हाल ही में डोंबिवली इलाके में एक नौ वर्षीय लड़की अपने घर के बाहर खेल रही थी तभी उसके पड़ोसी एक व्यक्ति ने उसे अपने घर बुलाया और कथित तौर पर उसे अनुचित तरीके से स्पर्श किया।

# थिएटर में 'पुष्पा 2' के मजे ले रहा था हत्या और तस्करी का आरोपी...

**पुलिस ने दर्शकों के बीच से धर दबोचा**



**नागपुरः** नागपुर में एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है, जहां पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार तो किया लेकिन सिनेमा हॉल से गिरफ्तार किया। जिसे देखकर दर्शक भी हैरान रह गए और सोचते रह गए कि उनके बीच एक आरोपी मौजूद था। पुलिस ने हत्या और मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में वांछित एक व्यक्ति को महाराष्ट्र के नागपुर स्थित एक सिनेमाघर में देर रात 'पुष्पा-2' फिल्म देखते समय गिरफ्तार कर लिया। इस बात की पुष्टि पुलिस ने की।

फिल्म के प्रदर्शन के दौरान बृहस्पतिवार को आधी रात के बाद सिनेमा घर से विशाल मेश्राम की गिरफ्तारी को देख दर्शक हैरान रह गए, लेकिन पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के बाद दर्शकों को आश्वस्त किया कि अब वे फिल्म का आनंद लेना जारी रख सकते हैं। पांचपावली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि मेश्राम 10 महीने से फरार था और हाल ही में रिलीज हुई फिल्म में उसकी रुचि के बारे में पुलिस को पता लगने के बाद उसे आखिरकार पकड़ लिया गया।

उन्होंने बताया कि गैंगस्टर के खिलाफ हत्या तथा मादक पदार्थ तस्करी समेत 27 मामले दर्ज थे और वह अपनी हिंसक प्रवृत्ति के लिए जाना जाता था, यहां तक कि उसने पूर्व में पुलिसकर्मियों पर भी हमला किया था। उन्होंने बताया कि प्राधिकारी लगातार उसका पीछा कर रहे थे। साइबर निगरानी का इस्तेमाल करते हुए और उसके द्वारा उपयोग किये जा रहे एक 'स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन' (एसयूवी) पर भी नजर रखी जा रही थी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को उसका पता लगाने के बाद पुलिस ने शहर के मध्य भाग में स्थित सिनेमा हॉल के बाहर उसके वाहन के टायरों की हवा निकाल दी। जब पुलिसकर्मी हॉल में दाखिल हुए तो मेश्राम फिल्म देखने में पूरी तरह डूबा हुआ था।

पुलिस ने बताया कि मेश्राम फिलहाल नागपुर सेंट्रल जेल में बंद है और उसे जल्द ही नासिक की जेल में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

# भायंदर/ चोरों की वजह से दहशत में शहरवासी...



**भायंदर :** भायंदर शहर में इनदिनों चोरों के आतंक से रहवासी दहशत में है। हालही मे कई सोसायटियों के सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं। इनमें अज्ञात लोग इमारतों में स्थित मकानों की रेकी कर रहे है। वीडियो में दिख रहे लोगों की उम्र काफी कम है और यह लोग नशेड़ी जैसे दिख रहे है। इन वीडियो के वायरल होने के बाद शहर के लोगों में दहशत का माहौल बन चुका है। वायरल वीडियो भायंदर (पश्चिम) स्थित 60 फिट रोड़ की इमारतों का बताया जा रहा है। वीडियो में रेकी करने वाले युवा निर्भीक होकर घरों की रेकी करते हुए दिख रहे है। इनके हाव भाव देख कर यह कहा जा सकता है कि इनको भय नहीं है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## नाम लेकर समाज को बांटने का काम...

संसद के शीतकालीन सत्र में संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर चर्चा के लिए जो समय तय किया गया, उसमें पक्ष-विपक्ष ने एक-दूसरे को लांछित ही अधिक किया। प्रधानमंत्री ने अवश्य 11 संकल्प लेने की जरूरत जताई और उसके जरिये जनता और उसके प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी रेखांकित की। देखना है कि इन जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता का भाव व्याप्त हो सकेगा या नहीं? इसमें दोराय नहीं कि हमारा संविधान हमें वह शक्ति देता है, जिसके कारण आज हम एक सफल राष्ट्र के रूप में जाने जा रहे हैं, लेकिन यह समय भविष्य की चुनौतियों पर विचार करने का है। यह अच्छा नहीं हुआ कि इन चुनौतियों पर कोई सार्थक चर्चा नहीं हो सकी। यह इसलिए नहीं हो सकी, क्योंकि विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस इस पर अड़ी रही कि मोदी सरकार संविधान और आरक्षण खत्म करने जा रही है। इसे सबसे अधिक तूल राहुल गांधी ने दिया। उन्हें अब भी लगता है कि वह जैसे लोकसभा चुनाव के समय संविधान खतरे में है के जुमले से जनता को बरगलाने में सफल हो गए थे, वैसे ही आगे भी हो जाएंगे। वह यह समझने को तैयार नहीं कि काठ की हांठी बार-बार नहीं चढ़ती। चूंकि राहुल गांधी अपनी टेक पर अड़े हुए हैं इसलिए प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य कांग्रेसी नेताओं की भी मजबूरी हो गई है कि वे संविधान और आरक्षण को खतरे में बताएं। कांग्रेस का साथ अन्य विपक्षी दल भी दे रहे हैं, क्योंकि उन्हें भी लगता है कि संविधान और आरक्षण खतरे में है का शोर मचाकर जनता को बरगलाया जा सकता है। इसके जवाब में भाजपा भी विपक्ष को उसी की भाषा में जवाब देने को मजबूर है। उसने संविधान पर चर्चा के समय यह गिनाया कि कैसे इंदिरा गांधी ने आपातकाल में संविधान को ताख पर रख दिया था और किस तरह नेहरूजी ने संविधान लागू होने के अगले वर्ष ही अभिव्यक्ति की आजादी को सीमित करने वाला संविधान संशोधन करा दिया था। भाजपा ने यह भी बताने की कोशिश की कि कांग्रेस ने किस तरह संविधान की मूल भावना की अनदेखी की। अगर संविधान पर संसद में हुई चर्चा में जाया जाए तो प्रधानमंत्री के संकल्प को छोड़कर देश और समाज के लिए कुछ भी उल्लेखनीय नहीं रहा। संविधान पर चर्चा से राजनीति, नौकरशाही एवं न्यायपालिका को शायद ही कोई प्रेरणा और दिशा मिली हो। इससे इन्कार नहीं कि जहां भारत की सफलता हमारे संविधान से निकली है, वहीं भ्रष्टाचार, न्याय में देरी और अन्य समस्याएं संविधान की मूल भावना के विपरीत कार्य करने का परिणाम हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे को आठ-लेन का करने का निर्णय



**मुंबई** : मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर यातायात की भीड़ को दूर करने, राजमार्ग की क्षमता बढ़ाने और मार्ग को सुरक्षित बनाने के लिए, महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (MSRDC) ने मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे को आठ-लेन का करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में प्रस्ताव MSRDC ने फरवरी 2024 में मंजूरी के लिए राज्य सरकार को भेजा है। हालांकि, चूंकि इस प्रस्ताव को अभी तक मंजूरी नहीं मिली है, इसलिए आठ लेन का काम विलंबित हो गया है। इसलिए, अब टरफ्छ्ब इस प्रस्ताव की मंजूरी का इंतजार कर रहा है।

94.5 किलोमीटर लंबे मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे को MSRDC ने 2002 में यातायात के लिए पूरी तरह से खोल दिया था। इस हाईवे की वजह से चार से पांच घंटे का मुंबई-पुणे का सफर दो से ढाई घंटे का हो गया है। वर्तमान में, यह हाईवे राज्य का सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्ततम हाईवे माना जाता है। इस पर हर दिन लगभग एक लाख 55 हजार वाहन चलते हैं। हालांकि, अब यह हाईवे अपर्याप्त होने लगा है। भविष्य में वाहनों की संख्या और बढ़ेगी। ऐसे में छह लेन वाले हाईवे को आठ लेन में बदलने की जरूरत है। वाहनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी के कारण हाईवे पर ट्रैफिक जाम की समस्या गंभीर हो गई है। हादसों का डर बढ़ गया है। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए एमएसआरडीसी ने हाईवे को आठ लेन में बदलने का फैसला किया है।

तदनुसार, फरवरी २०२४ में एमएसआरडीसी द्वारा राज्य सरकार को मंजूरी के लिए आठ लेन का एक विस्तृत प्रस्ताव पेश किया गया था। हालांकि, प्रस्ताव को अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। इसके कारण परियोजना में देरी हो रही है। एमएसआरडीसी इस प्रस्ताव की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। मंजूरी मिलने के बाद आठ लेन का काम तुरंत शुरू कर दिया जाएगा। इस बीच, इस परियोजना की लागत 6080 करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है। परियोजना के लिए धन जुटाने के लिए एमएसआरडीसी ने आठ लेन के प्रस्ताव के तहत एक वित्तीय मॉडल भी तैयार किया है। इसके अनुसार एमएसआरडीसी ने राज्य सरकार के सामने दो विकल्प रखे हैं, पहला यह कि राज्य सरकार बजटीय प्रावधान करके यह निधि उपलब्ध कराए या फिर मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली की समय सीमा बढ़ा दी जाए। फिर राज्य सरकार जो भी विकल्प चुनेगी, उसके अनुसार आठ लेन का मार्ग सड़क पर उतारा जाएगा।

## तेज रफ्तार टेंपो की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर घायल...



**भिवंडी** : अंजुर गांव के दिवा पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। तेज रफ्तार टेंपो (क्रमांक टल्र 04 छे 5051) ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दत्तराज इरावती और उनकी पत्नी पुष्पा गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब दत्तराज इरावती अपनी पत्न ी को मोटरसाइकिल पर बैठाकर ठाणे की ओर लेकर जा रहे थे। कसबा ढाबा के पास अचानक टेंपो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय निवासियों ने तुरंत दोनों घायलों को नजदीकी स्पेक्ट्रम अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। टेंपो चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया।

## भिवंडी में आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस का सराहनीय कार्य

### पुलिस प्रशासन ने लौटाई चार बच्चियों की मुस्कान...




**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी:** निजामपुर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गश्त के दौरान मामा भांजा दरगाह पर पहुंची देखा वहां चार छोटी-छोटी बच्चियां बिना अपने माता-पिता के अकेले भीख मांग रही थी जिनके नाम दग्गू, साइमा, तैयबा,रूक्षार था जिनकी उम्र लगभग 09 से 12 वर्ष है, उन चारों बच्चियों को निजामपुर पुलिस ने अपने साथ पुलिस स्टेशन ले गये और उनके माता-पिता को बुलाया जिनके नाम तौफीक शेख गफूर,और गफूर अंसारी मुहर्रम अंसारी रहवासी म्हाडा कालूनी के हाथ में बच्चों को सुपुर्द किया गया,इस मौके पर भ्रष्टाचार विरोधी समिति के ठाणे जिला अध्यक्ष तुफैल फारूकी के निर्देश पर म्हाडा कॉलोनी के सामाजिक कार्यकर्ता इरफान शेख, भ्रष्टाचार विरोधी समिति भिवंडी शहर अध्यक्ष और स्थानीय लोगों ने पुलिस स्टेशन में बच्चियों को नासता पानी देकर पुलिस के इस सराहनीय कार्य की सराहना की, वहीं महिला पुलिस नाइक/7799 आशा जाधव, महिला पुलिस नाइक/7863 सरला गावित ने पुलिस स्टेशन में लड़कियों को भोजन देकर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

ऑपरेशन मुस्कान स्क्वाड निजामपुरा पुलिस स्टेशन अधिकारी सहायक पुलिस निरीक्षक अमित गोते ने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्री आव्हाड के मार्गदर्शन में इस ऑपरेशन को पूरा किया है.जिसमें पुलिस हवलदार सुरेश राठोड़, पुलिस कांस्टेबल रविन्द्र नागरे, महिला पुलिस नाईक आशा जाधव,सरला गावित अपरेशन मुस्कान में शामिल होकर निजामपुर पुलिस स्टेशन की हद में भीख मांगने वाले छोटे छोटे बच्चों को हिरासत में लेकर उनके परिवार को सौंपने और उन बच्चों को शिक्षा देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## भिवंडी शाहपुर पुलिस की हद में अवैध सरिया माफिया का फैला जाल

### रात के अंधेरे में एकता होटल के पीछे चला रहा है गोरखधंधा!

### शिकायत के बाद भी पुलिस क्यूं बनी लाचार...



**मुस्तकीम खान**

**ठाणे** : ठाणे जिले के शाहपुर ग्रामीण छेत्र में सलिया माफियाओं का बोलबाला चल रहा है,इन माफियाओं को न तो पुलिस का डर है और ना ही कानून कायदे का, ए लोग बिना रोक-टोक सलिया का अवैध कारोबार जोर शोर से शुरू कर रखा है।

बताया जाता है कि शाहपुर पुलिस स्टेशन के हद में लाहे गांव एकता होटल एचपी पिट्रोल पंप पर सलिया माफिया रघुवेन्द्र सिंह ठाकुर और कार्तिक सिंह दूसरा ग्रीन व्यूह होटल के बगल से रास्ता है तीसरा सांई भासता होटल के बगल से धाम वाले रोड पर अपना जाल बिछाया है और आने वाली ट्रेलर एंव ट्रकों से जबरदस्ती सलिया उतारने की जानकारी मिली है,एक ड्राइवर ने बताया कि अगर गाड़ी नहीं रोकने पर उसके गुंडे मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। एक राहगीर ने बताया कि उक्त पिट्रोल पंप पर बड़ी बड़ी गाड़ियां अचानक घोमती है जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। बताया जाता है कि सलिया माफिया ठाकुर पर दर्जनों मामले पुलिस में दर्ज हैं फिर भी पुलिस प्रशासन की आंख में धूल झोंककर अवैध कारोबार कर रहा है, समाजसेवकों ने गृहमंत्रालय महाराष्ट्र राज्य, डीजीपी महाराष्ट्र,ठाणे एसपी एवं डिवाई एसपी से इस अवैध कारोबार को बंद कराने की गोहार लगाई है।

## रोजाना चोरी होते हैं तीन मोबाइल

# ठाणे-दिवा और ऐरोली क्षेत्र में 3 साल में चार हजार मोबाइल चोरी...



**ठाणे :** मध्य रेलवे के ठाणे-दिवा और ऐरोली-दिघा रेलवे स्टेशनों पर पिछले तीन वर्षों में मोबाइल चोरी की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है। 1 जनवरी 2022 से 19 दिसंबर 2024 के बीच 3,873 मोबाइल चोरी की घटनाएं दर्ज की गईं। औसतन, हर दिन तीन से चार मोबाइल चोरी हो रहे हैं। इनमें से 1,494 मामलों को सुलझाने में पुलिस को सफलता मिली है। बता दें कि पुलिस के अनुसार, अधिकांश घटनाएं यात्रियों की लापरवाही और स्टेशनों पर सक्रिय चोरों की वजह से होती हैं। ट्रेनों के डिब्बों, प्लेटफॉर्म या प्रतीक्षालयों में चार्जिंग पर लगाए गए मोबाइल अक्सर चुराए जाते हैं। कुछ यात्री यात्रा के दौरान सतर्क नहीं रहते, जिससे चोर आसानी से वारदात को अंजाम दे देते हैं। आंकड़ों के अनुसार, 2022 में 1,497 मोबाइल चोरी की घटनाएं हुईं, जिनमें से 550 मामलों को पुलिस ने सुलझाया। 2023 में 1,266 मोबाइल चोरी हुए, जिसमें 518 मामलों का निपटारा किया गया। 2024 में 19 दिसंबर तक 1,113 मोबाइल चोरी के मामले सामने आए, जिनमें से 426 मामलों को सुलझाया गया है। पुलिस ने यात्रियों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

# पानी की समस्या को हल करने के लिए मनपा ने कसा शिकंजा...

## विभाग ने काटे 46 अवैध नल कनेक्शन



**उल्हासनगर :** शहर में पानी की समस्या बढ़ने से नागरिक परेशान हैं, जिसको लेकर मनपा आयुक्त समेत पानी विभाग को शिकायत की गई है, जिसे मनपा आयुक्त ने गंभीरता से लिया है और शहर के मुख्य पाईपलाईनों से अवैध नल कनेक्शन की जांच व तलास शुरू कर कार्यवाई शुरू कर दी है। बीते शुक्रवार 20 दिसंबर को मनपा प्रशासन के पानी विभाग कार्यकारी अभियंता परमेश्वर बुडगे, उप अभियंता दीपक ढोले, कनिष्ठ अभियंता अश्विनी राठौड़, विशेष अधिकारी विजय मंगलानी, अशोक धुले, हरेश मिरकुटे समेत विभागीय अधिकारियों ने मुख्य पाईप लाइनों से जोड़े गये 24 अवैध नल कनेक्शन को काट दिया है।

इस मामले में मनपा आयुक्त ने साफ किया है कि भविष्य में कोई भी नागरिक पानी के मुख्य लाइनों से अवैध कनेक्शन लेगा उसके खिलाफ मनपा प्रशासनिक स्तर पर कानूनी कार्यवाई करेगी। मनपा की जानकारी के अनुसार 27 नवंबर 2024 को आयोजित बैठक में शहर में हो रही पानी की समस्याओं के समाधान के लिये अवैध नल कनेक्शन के खिलाफ कार्यवाई करने का निर्णय लिया गया था। साथ ही मनपा आयुक्त के आदेश पर 29 नवंबर को उल्हासनगर 5 गायकवाड़ पाडा क्षेत्र अंतर्गत मुख्य पाइपलाइन से 22 अवैध नल कनेक्शन को काटने की कार्यवाई की गई थी। वहीं पानी की समस्या को लेकर मनपा प्रशासन को लगातार मिल रही शिकायत को विभागीय स्तर पर आयुक्त ने गंभीरता से लिया है।

आयुक्त के आदेश पर पानी की समस्या हल करने को अवैध नल कनेक्शन को काटने की मुहिम शुरू कर दी गई है। यह मुहीम मनपा आयुक्त विकास ढाकणे, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर और अतिरिक्त आयुक्त 2 किशोर गवस के निर्देशानुसार पानी आपूर्ति विभाग ने मुहिम को अंजाम दिया है। गौरतलब हो कि मनपा पानी विभाग कार्यकारी अभियंता परमेश्वर बुडगे के पास है। उन्हीं के विभाग अंतर्गत शहर के 416 करोड़ रुपये की ड्रेनेज पाईप लाईन डालने की बड़ी योजना शुरू है। बुडगे शहर में पानी की समस्याओं को नजरअंदाज कर ड्रेनेज पाइपलाइनों को डलवाने में मशगूल हैं, जिसके चलते शहर में पानी की समस्या बढ़ने के साथ अबैध नल कनेक्शन के खिलाफ कार्यवाई करने को लेकर मनपा आयुक्त अतिरिक्त आयुक्त को निर्देश देना पड़ रहा है। बताया जा रहा है परमेश्वर बुडगे मनपा पानी विभाग कार्यालय में कम ड्रेनेज पाइपलाइन डाल रहे ठेकेदार के कार्यालय में ज्यादा समय व्यतीत करते रहते हैं।

# 15 वर्षीय लड़की को बंधक बनाकर बलात्कार करने के मामले में एक व्यक्ति को 20 साल के कठोर कारावास की सजा



**मुंबई :** पुलिस ने बताया कि शहर की एक अदालत ने सेक्टर 40 में करीब पांच साल पहले 15 वर्षीय लड़की को बंधक बनाकर उसके साथ बलात्कार करने के मामले में एक व्यक्ति को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश अश्विनी कुमार की अदालत, जो यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत एक नामित फास्ट-ट्रैक कोर्ट है, ने मंगलवार को 28 वर्षीय व्यक्ति को दोषी करार दिया और किसी भी तरह की नरमी बरतने से इनकार कर दिया। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी सजा की घोषणा की जानी चाहिए ताकि समाज को एक कड़ा संदेश जाए।

अदालत ने ढडउरड अधिनियम की धारा 6 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत सजा सुनाते हुए दोषी पर ₹40,000 का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न चुकाने की स्थिति में दोषी को छह महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। अदालत के आदेश के अनुसार, दोषी द्वारा काटी गई हिरासत की अवधि को मामले में उसे दी गई कारावास की कुल सजा से घटा दिया जाएगा। विशेष सरकारी वकील सुनील कुमार परमार ने कहा कि दोषी और पीड़िता सेक्टर 40 के एक इलाके में पड़ोसी थे। उन्होंने कहा, ''स्थिति का फायदा उठाते हुए, दोषी ने पीड़िता को अपने घर बुलाया और उसके माता-पिता के काम पर जाने के दौरान उसके साथ बलात्कार किया। उसने उसे धमकी भी दी कि अगर उसने किसी को घटना के बारे में बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि, घर लौटने के बाद उसने अपनी मां को घटना के बारे में बताया, जिसके बाद माता-पिता ने पुलिस से संपर्क किया और 11 जून, 2020 को सेक्टर 40 पुलिस स्टेशन में ढडउरड अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कराई। परमार ने कहा कि हालांकि दोषी ने खुद को निर्दोष बताया और यह भी कहा कि उसे मामले में झूठा फंसाया गया है, लेकिन मेडिकल जांच से कुछ और ही संकेत मिले और इसकी रिपोर्ट से पता चला कि नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न किया गया था। उन्होंने कहा, ''पीड़िता, उसकी मां और मामले के अन्य गवाहों ने भी एफआईआर में लगाए गए आरोपों का समर्थन करते हुए गवाही दी थी, जिसके बाद अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष का मामला बिना किसी संदेह के व्यक्ति को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त मजबूत था।'' परमार ने कहा कि विशेष अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को राज्य सरकार की मुआवजा योजना के अनुसार पीड़िता को मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है।

# जादू टोना से पैसे डबल करने के नाम पर धोखाधडी

## प्रसाद खाने के बाद बेहोश हुए सभी रिश्तेदार, अगले दिन खुद को अस्पाल में पाया



**मुंबई :** कांदिवली इलाके में पच्चास लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। स्वयं घोषित बाबा ने अपने कला जादू का इस्तेमाल कर पैसे दोगुना करने का झांसा दिया। जिसके बाद समतानगर पुलिस ने संबंधित मामले में शिवकुमार यादव, राजेश विश्वकर्मा और सूर्यबाबा समेत दो और लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। मामले में पांचों आरोपी फरार हैं जिन्हें पकड़ने के लिए स्थानीय अपराध शाखा के अधिकारियों के साथ एक विशेष टीम बनाई है। पीड़ित कैलाश लालराम चौधरी कांदिवली में किराना दुकान चलाते हैं। सितंबर 2024 में प्रमोद त्रिभुवन उपाध्याय उर्फ डब्बू नाम का एक ग्राहक उनकी दुकान पर आया और उसने एक ऐसे व्यक्ति के बारे में बताया जो रहस्यमय शक्तियों का इस्तेमाल करके पै से दोगुना कर सकता है। शुरूआत में चौधरी ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया लेकिन बाद में जिज्ञासाव श अक्टूबर में उस व्यक्ति के बारे में पूछताछ की। तीन दिन बाद डब्बू, शिवकुमार यादव को चौधरी की दुकान पर लेकर आया, जिसने दावा किया कि सूर्यबाबा वाकई पैसे दोगुना कर सकते हैं और इस प्रक्रिया को दिखाने की पेशकश भी की। चौधरी को लेकर शिवकुमार गोरेगांव की एक इमारत के आठवें मंजिल पर गया, जहां सूर्यबाबा नामक शख्स ने अपनी आध्यात्मिक शक्ति से 100 रुपये की नोट को डबल करके दिखाया। जिसे देखकर वह आश्वस्त हो गया और उसने बड़ी रकम 50 लाख रुपये का इंतजाम किया और बाबा को दिया। उसने 30 लाख रुपये अपने पास से और 20 लाख रुपये दोस्तों और रिश्तेदारों से उधार लिया।

# कल्याण : एम्बर लाइट लगी होने के कारण अखिलेश शुक्ला की निजी कार जब्त !

**ठाणे:** ठाणे के कल्याण इलाके में अपने मराठी भाषी पड़ोसियों पर हमला करने और उनके साथ समुदाय आधारित दुर्व्यवहार करने के आरोप में पकड़े गए एक सरकारी कर्मचारी की निजी कार को महाराष्ट्र परिवहन अधिकारियों ने एम्बर लाइट लगी होने के कारण जब्त कर लिया है, एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।18 दिसंबर को, महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम के एक कर्मचारी अखिलेश शुक्ला (48) और कई अन्य लोगों ने मामूली बहस को लेकर अपने आवासीय परिसर में एक परिवार पर हमला किया था। घटना के वायरल वीडियो के कारण राज्य में मराठी भाषी लोगों के अपमान को लेकर महाराष्ट्र विधानसभा में हंगामा हुआ।



उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आशुतोष बरकुल ने कहा, ''बिना अनुमति के एम्बर लाइट का उपयोग करने के लिए शुक्ला पर 9,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उनके वाहन के पास वैध बीमा या प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणन नहीं था। इस पर महाराष्ट्र सरकार लिखी हुई प्लेट भी लगी थी।'' अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को मोटर वाहन निरीक्षक रोहित पवार और प्रियंका तापले की आरटीओ टीम ने वाहन को जब्त कर लिया।एफआईआर के अनुसार, शुक्ला ने अपनी पत्नी और अन्य लोगों के साथ मिलकर एक दंपत्ति पर हमला किया, जिन्होंने धूपबत्ती जलाने को लेकर एक महिला से बहस के दौरान उन्हें शांत रहने के लिए कहा था। शुक्ला, उसके साथी सुमित जाधव (23) और रंगा उर्फ दर्शन बोराडे (22) को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि पुलिस आठ अन्य की तलाश कर रही है।

# बच्चा चोर गिरोह समझकर चार भिखारियों की पिटाई...

## पुलिस ने बचाया



**भिवंडी** : भिवंडी शहर के सोमानगर इलाके में बच्चा चोर गिरोह के शक में चार भिखारियों की भीड़ द्वारा जमकर पिटाई का मामला सामने आया है। घटना दोपहर के समय हुई, जब तीन महिलाएं और एक पुरुष भीख मांगते हुए झुग्गी बस्ती के इलाके में घूम रहे थे। स्थानीय लोगों को उन पर शक हुआ और उन्होंने इन्हें बच्चा चोर गिरोह का सदस्य समझकर मारना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही भोईवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ के चंगुल से इन चारों को छुड़ाकर पुलिस स्टेशन ले गई। पुलिस ने बताया कि ये सभी दिहाड़ी मजदूर हैं, जो काम न मिलने की वजह से बीते कुछ दिनों से भीख मांगकर गुजारा कर रहे थे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने भीड़ को समझाकर स्थिति पर नियंत्रण पाया। मामले की जांच की जा रही है और पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर भरोसा न करने की अपील की है।

# मनपा का उद्घाटनों पर बढ़ा खर्च

## लाखों में होने वाला उद्घाटन करोड़ों तक पहुंचा...




**मुंबई** : लोगों को सुविधा देने वाले प्रोजेक्ट समय पर पूरा हो यह संभव नहीं। लेकिन दिखावे के लिए प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद उदघाटन पर खर्च लाखों से बढ़कर करोड़ों में पहुंच गया है। पिछले दो साल में मनपा प्रशासन ने सिर्फ उदघाटन पर लगभग 70 करोड़ रुपया खर्च कर चुकी है। हालत तो यह हो गई है कि किसी एक प्रोजेक्ट का उदघाटन कई बार में किया गया है। मनपा दो साल पहले तक उदघाटन आदि पर मात्र दो करोड़ रुपया खर्च करती थी। बता दें कि मनपा प्रशासन वर्ष 2021- 22 तक किए जा रहे प्रोजेक्ट पूरा होने पर मात्र 2 करोड़ रुपया खर्च करती थी।

**चरणों में उद्घाटन से तिजोरी हो रही खाली**

मनपा सीमेंट कंक्रीट काम, सौर्दयीकरण, गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड, कोस्टल रोड जैसे प्रोजेक्ट के उद्घाटन कार्यक्रमों पर मनपा ने पिछले दो साल में करोड़ों रुपया खर्च किए हैं। मनपा प्रशासन अपने कई प्रोजेक्ट को अब कई चरण में पूरा कर रही है जिसका उदघाटन मनपा प्रशासन भी अब चरणों में करनी लगी है। चरणों में होने वाले कामों का चरणों में होने वाले उदघाटन से मनपा की तिजोरी पर इसका भार पड़ने लगा है। मनपा की तिजोरी पहले ही दो लाख करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू कर बैंक में रखे फिक्स डिपॉजिट से कर्ज लेने की नौबत आ गई है। इस बीच प्रोजेक्ट के कई चरणों में पूरा होने पर कई चरणों में होने वाले उदघाटन से इस तरह के होने वाले कार्यक्रमों का खर्च बढ़ गया है। मुंबई की जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में फेल हो रहीं मनपा प्रोजेक्ट पर अधिक ध्यान दे रही है। मनपा प्रोजेक्ट को करने के चक्कर में अपनी हद को भी पार करने लगी है। मनपा दहिसर के आगे भाईंदर तक सड़क का निर्माण करने लगी है।

मनपा अभी तक सिर्फ मुंबई के बाहर जलापूर्ति करने वाले बने तालाब क्षेत्र में सेवा सुविधा के रूप में इस परिसर की सड़क का मरम्मत करती थी लेकिन पहली बार एमएमआरडीए द्वारा किए जाने वाले प्रोजेक्ट को भी खुद करने का निर्णय लिया है। मनपा अब प्रोजेक्ट पर होने वाले खर्च के अलावा अब प्रोजेक्ट के उदघाटन पर भी बड़े पैमाने पर खर्च कर रही है। कई प्रोजेक्ट का उदघाटन तो चरणों में किया जा रहा है जिससे तिजोरी पर पड़ा है।

# रूममेट की हत्या करने का दोषी को आजीवन कारावास



**मुंबई** : सत्र न्यायालय ने 6 दिसंबर को 38 वर्षीय चेंबूर निवासी को पैसे के विवाद के दौरान अपने रूममेट की हत्या करने का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह घटना 6 जून, 2017 को हुई थी, जब आरोपी पंकज मिश्रा ने पैसे के विवाद के दौरान अपने रूममेट अमृत कुमार गौड़ा की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी। रूममेट की हत्या के लिए चेंबूर निवासी को आजीवन कारावास मिश्रा चेंबूर कैंप में दो लोगों के साथ किराए के कमरे में रहता था। घटना के दिन, एक रूममेट अपने गृहनगर गया हुआ था। दूसरा रूममेट, गौड़ा, जो पेशे से ऑटोरिक्शा चालक है, कथित तौर पर आरोपी से पैसे मांग रहा था। अभियोजन पक्ष ने कहा कि मिश्रा ने सुबह करीब 10.30 बजे रूमाल से गौड़ा का गला घोंट दिया। ऑटो रिक्शा के मालिक लालचंद जायसवाल ने यह देखा और तुरंत कमरे के मालिक को सूचित किया, जो फिर पड़ोसियों के साथ आया और दरवाजा खोला। गौड़ा बाथरूम में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। इसके बाद डॉक्टर को बुलाया गया, जिसने गौड़ा को मृत घोषित कर दिया। पड़ोसियों ने मिश्रा को तब पकड़ा जब वह भागने की कोशिश कर रहा था। अपने बयान में जायसवाल ने कहा कि मिश्रा ने हत्या की पहले से योजना बनाई थी और उसने गौड़ा को शराब पिलाई ताकि वह नशे की हालत में उस पर हावी न हो सके।

अभियोजन पक्ष ने 17 गवाहों के बयान दर्ज किए, जिसमें मुख्य गवाह जायसवाल थे, जिन्होंने पुष्टि की कि मिश्रा ने उनकी मौजूदगी में गौड़ा का गला घोंटा। मकान मालकिन ने कहा कि गौड़ा वॉशरूम में बैठी हुई अवस्था में मिले थे। आरोपी ने अपने बयान में कहा कि उसे जायसवाल और मकान मालकिन ने मामले में झूठा फंसाया है। बचाव पक्ष ने कहा कि पंचनामा में इस बात का उल्लेख नहीं है कि घटना के समय मकान मालकिन या जायसवाल मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पंचनामा में आरोपी के खिलाफ कोई भी आरोप लगाने वाला नहीं है।

# 34 सालों से मुंबई में रह रहा था बांग्लादेशी नागरिक, डंकी रास्ते से भारत आया था..



**मुंबई** : पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है जो मूल रूप से बांग्लादेश का रहने वाला है और बीते 34 सालों से मुंबई में रह रहा था. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बांग्लादेशी नागरिक बांग्लादेश के चटगांव का रहने वाला है जिसका नाम मोइन हयात बादशाह शेख साल है. पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला है कि ये आरोपी जब महज 17 साल का था तब अवैध तरीके से भारत आया था.मोइन बीते कई सालों में कई बार बांग्लादेश जा चुका है.

इस मामले में एंटी टेररिस्ट सेल को जानकारी मिली थी कि एक बांग्लादेशी नागरिक यहां दक्षिण मुंबई में कई सालों से रहा है. इसके बाद एक टीम का गठन किया गया जिसने मोइन को हिरासत में लिया. जांच के दौरान पता चला कि आरोपी डंकी के रास्ते से भारत आया था और इजके पास वोटर आईडी भी है जिसका इस्तेमाल कर उसने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान भी किया था. मोइन के पास से पुलिस को आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और ड्राइविंग लाइसेंस मिला है. जांच में पता चला कि मोइन ने 1990 से मुंब्रा, कुर्ला, गोवंडी और परेल में बच्चों को उर्दू और कुरान पढ़ाना शुरू किया है, जब वह पहली बार मुंबई आया था. हालांकि, उसके पास पासपोर्ट नहीं है. पुलिस अधिकारियों को उसका राष्ट्रीय क्ळ कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र भी मिला है.मोइन कफ परेड के अंबेडकर नगर में एक घर का मालिक भी है, जहां वह अपने परिवार के साथ रहता है.

# कलवा में छात्राओं के यौन उत्पीड़न के दोषी प्रोफेसर को तीन साल के कठोर कारावास की सजा



**ठाणे** : कलवा में राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्राओं के यौन उत्पीड़न करने के दोषी प्रोफेसर डॉ. शैलेश्वर नटराजन (63) को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। मजिस्ट्रेट मोहिनी नानावरे ने नटराजन पर 50,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया। 2014 में जब ये घटनाएं सामने आईं तब नटराजन कॉलेज के सर्जरी विभाग के प्रमुख थे। उनके खिलाफ कई छात्राओं की ओर से पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा गया था। इसके बाद कलवा पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में दावा किया गया था कि निदान प्रक्रियाओं का प्रदर्शन करने के बहाने नटराजन छात्राओं को अनुचित तरीके से छू रहे थे। उस दौरान छात्रों ने कॉलेज में विरोध प्रदर्शन भी किया था।

**मुंबई बोट हादसे के तीन दिन बाद मिला लापता बच्चे का शव**

नाव हादसे के बाद समुद्र में लापता हुए सात वर्षीय बच्चे का शव भी बरामद कर लिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि तीन दिन के तलाशी अभियान के बाद शनिवार सुबह नौसेना की पोतों ने जोहान मोहम्मद निसार अहमद पठान का शव खोज निकाला। इसी के साथ दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई। गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नीलकमल नाव और नौसेना की स्पीडबोट के बीच बुधवार शाम भीषण टक्कर हो गई थी। यह शहर के बंदरगाह क्षेत्र में हुई सबसे घातक दुर्घटनाओं में से एक है।

# सड़क दुर्घटना में तीन साल के बच्चे की मौत...!




**मुंबई** : वडाला इलाके में आंबेडकर कॉलेज के बाहर बस स्टॉप के पास तीन साल के आरुष नामक बच्चे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने का मामला सामने आया है। संबंधित मामले में पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सड़क दुर्घटना में जिस बच्चे की मृत्यु हुई है उसका नाम आरुष (3) है। वह सड़क पर ही अपने माता-पिता के साथ रहता था। उसके पिता मंडप डेकोरेशन का काम करते थे। दुर्घटना के बाद बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने संबंधित मामले में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस ने भोय नामक ड्राइवर को हिरासत में लिया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com